पंजीकृत क्रमांक : S-385/1949-50

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय : 3, मार्बल आर्च, सेनापति बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016
+91 22 24306321/24378866 24313938 abvpkendra@gmail.com www.abvp.org

दि. 19 जुलाई 2025

**-:प्रेस विज्ञप्ति:-**

## छात्रा की आत्महत्या मामले में अभाविप के संघर्ष के बाद आरोपियों पर हुई सख्त कार्रवाई

## मानसिक प्रताड़ना से छात्रा की मौत – अभाविप के आंदोलन से हिला प्रशासन, शिक्षकों पर एफआईआर व निलंबन

## शारदा विश्वविद्यालय में छात्रा आत्महत्या प्रकरण – अभाविप के दबाव में आरोपी शिक्षक गिरफ्तार, जाँच शुरू

शारदा विश्वविद्यालय की बीडीएस की छात्रा द्वारा कुछ प्रोफेसरों की मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या कर लेना अत्यंत दुखद, पीड़ादायक और व्यवस्था पर गहरा प्रश्नचिन्ह है। यह केवल एक छात्रा की व्यक्तिगत पीड़ा नहीं, बल्कि समूचे छात्र समाज की गरिमा और सुरक्षा से जुड़ा मामला है।

अभाविप की स्थानीय इकाई ने पीड़िता के परिजनों के साथ मिलकर छात्रा को न्याय दिलाने हेतु प्रभावी आंदोलन किया। प्रदेश मंत्री के नेतृत्व में घंटों तक चले संघर्ष और जोरदार प्रदर्शन के बाद, पुलिस प्रशासन हरकत में आया और पाँच व्यक्तियों पर प्राथमिकी दर्ज कर दो प्रोफेसरों को तत्काल गिरफ्तार किया गया।

अभाविप कार्यकर्ताओं ने विश्वविद्यालय के प्रो-वाइस चांसलर डॉ. परमानंद को ज्ञापन सौंपते हुए यह माँग की कि एक निष्पक्ष जाँच कमेटी तत्काल गठित की जाए, ताकि कोई भी दोषी बख्शा न जाए। प्रदर्शन के परिणामस्वरूप विश्वविद्यालय प्रशासन ने संवेदनशीलता दिखाते हुए मामले में लिप्त पाँचों शिक्षकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

अभाविप की राष्ट्रीय मंत्री क्षमा शर्मा ने कहा, “शारदा विश्वविद्यालय की छात्रा की आत्महत्या केवल एक व्यक्तिगत त्रासदी नहीं, बल्कि हमारे शैक्षणिक परिसरों में व्याप्त संवेदनहीनता और शोषण की गहरी समस्या को उजागर करती है। अभाविप इस पूरे घटनाक्रम को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए प्रारंभ से ही पीड़ित परिवार के साथ खड़ी रही। हमारे कार्यकर्ताओं के निरंतर संघर्ष और घंटों चले शांतिपूर्ण प्रदर्शन के परिणामस्वरूप प्रशासन हरकत में आया और दोषी शिक्षकों पर कार्रवाई सुनिश्चित हुई। अभाविप यह स्पष्ट करती है कि छात्र-छात्राओं की गरिमा, मानसिक सुरक्षा और आत्मसम्मान के विरुद्ध किसी भी प्रकार की प्रताड़ना को सहन नहीं किया जाएगा। हमारी माँग है कि पूरी घटना की निष्पक्ष जाँच हो, सभी दोषियों को दंड मिले जिससे भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।”

---

**(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री श्री सौरभ पाण्डेय द्वारा जारी की गई है।)**